राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 148वीं बैठक के कार्यवृत्त

कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के रोकथाम की कार्यवाही के चलते राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में धारा 144 लगाने के कारण एक जगह लोगो के एकत्रित होने पर प्रतिबंध होने के कारण दिसम्बर, 2020 तिमाही की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 148वीं बैठक का आयोजन वीडियो कोन्फ्रेंस के माध्यम से करने का सर्वसम्मति से स्टियरिंग समिति में निर्णय लिया गया ताकि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों की अनुपालना की जा सकें।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 148वीं बैठक श्री विक्रमादित्य सिंह खीची, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्री कुंजीलाल मीना, प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी, राजस्थान सरकार, श्री नवीन जैन, सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार, श्रीमती रश्मि गुप्ता, आयुक्त, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार, श्री अरुण कुमार सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, श्री जयदीप श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड, श्री महेंद्र सिंह महनोत, संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान एवं महाप्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री अमिताभ चटर्जी, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, श्री मुकेश कुमार, महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक तथा राज्य सरकार एवं भारत सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, सिडबी, विभिन्न बैंकों, बीमा कम्पनियों व वित्तीय संस्थाओं के कार्यपालकों/ अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गयी. **(संलग्न सूची के अनुसार)**

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष, मंचासीन गणमान्य सदस्यों एवं उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होने एस.एल.बी.सी. एवं सभी हितग्राहियों के द्वारा राजस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की एवं कोरोना महामारी के कारण एसएलबीसी की दिसंबर 2020 की तिमाही बैठक वीडियो कोन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किए जाने में सभी हितग्राहियों के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी अग्रणी बैंक योजनाओं के सुधार (Revamp) के निर्देशों की अनुपालना में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान द्वारा दिसंबर, 2020 त्रैमासिक में 7 उप समितियों की बैठक भी आयोजित की गयी एवं स्टियरिंग समिति की बारहवीं बैठक का आयोजन दिनांक 12.03.2021 को किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न हितधारकों द्वारा प्रस्तावित कार्यसूची एवं नीतिगत मुद्दों पर विचार विमर्श कर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 148वीं बैठक के लिए संक्षिप्त एवं सुगठित कार्यसूची को तैयार किया गया है.

उन्होने राजस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए एसएलबीसी के समस्त हितग्राहियों को धन्यवाद प्रदान किया। साथ ही सभी बैंकों से वर्तमान वित्तीय वर्ष में नयी ऊर्जा, प्रतिबद्धता एवं राज्य व केंद्र सरकार

के समन्वय के साथ समस्त पैरामीटर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अनुरोध किया. तत्पश्चात उन्होने समिति के अध्यक्ष महोदय को उद्बोधन हेतु अनुरोध किया।

श्री विक्रमादित्य सिंह खीची, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बैठक में उपस्थित गणमान्य सदस्यों एवं सदस्य बैंकों, वित्तीय संस्थानों और अन्य हितधारकों के अधिकारियों, राज्य और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में एस.एल.बी.सी. एवं सभी हितग्राहियों के द्वारा राजस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की. उन्होने बताया कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकें बैंकिंग क्षेत्र से संबन्धित नीतिगत मामलों पर चर्चा करने, विभिन्न मापदण्डों के तहत प्रगति की समीक्षा करने और भविष्य के लिए योजनाएँ बनाने का अवसर प्रदान करती हैं।

उन्होने बताया कि कोविड-19 के आर्थिक प्रभाव को दूर करने एवं देश को आगे बढाने में बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाएं सबसे आगे हैं. COVID-19 महामारी के इस कठिन समय में अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने एवं भारत सरकार के आर्थिक पैकेज का लाभ व्यक्तियों व उद्योगों तक बैंको के माध्यम से पहुँचाया गया ताकि कोविड महामारी के दौरान हुए दुष्भाव को कम किया जा सकें. देश भर के बैंकर्स सरकार की विभिन्न पहलों के कार्यान्वयन में उनके समर्पित प्रयासों के लिए विशेष प्रशंसा के पात्र हैं। डॉक्टरों, पैरामेडिक्स, पुलिस कर्मियों और सरकारी और नगरपालिका कर्मचारियों के साथ-साथ बैंकरों ने महामारी के खिलाफ लड़ाई में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होने प्रसन्नतापूर्वक बताया कि COVID-19 महामारी के प्रबंधन पर गठित संसदीय समिति ने बैंकर्स को "COVID-19 योद्धाओं" के रूप में मान्यता दी है।

COVID द्वारा उत्पन्न खतरे के बावजूद, राज्य में बैंकों ने ECLGS और PMSVANidhi जैसे Aatmanirbhar Bharat Package के कुछ घटकों के तहत अच्छा प्रदर्शन दिखाया है। राज्य के दिसंबर, 2020 में सीडी अनुपात 84% से अधिक और आरबीआई बेंचमार्क से ऊपर होने पर सराहना की।

तत्पश्चात उन्होने कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं और घटनाओं पर निम्नानुसार प्रकाश डाला:-

- उन्होने सभी से अपील की कि हमारे देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 12.3.2021 को शुरू किए गए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत की जाने गतिविधियों के बारे में सदन अवगत करवाया एवं नियत समायावधि में पूर्ण करने के समस्त बैंकों को निर्देशित किया ।
- वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार राजस्थान राज्य में लगभग 77% पीएमजेडीवाई खातों में 31.12.120 तक RuPay कार्ड जारी किए गए हैं। राज्य में डिजिटल भुगतान बढ़ाने के लिए, सभी बैंकों को RuPay कार्ड वितरण और PMJDY खातों की उनकी सक्रियता पर ध्यान देना चाहिए।
- हाल ही में, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने खाद्य प्रसंस्करण के असंगठित क्षेत्र में मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत के तहत

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (PM-FME) योजना का आरंभ किया है जिसका उद्देश्य उद्योग और उद्यमों, एसएचजी, एफपीओ और सहकारी समितियों को औपचारिक रूप से बढ़ावा देना है। पीएमएफएमई योजना में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्होने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि वे राज्य में इस योजना के बारे में जागरूकता फैलाएं और आवेदनों को सही मायने में भारत सरकार की भावना के आधार पर सकारात्मक कार्य करें।

- कृषि विभाग, राजस्थान सरकार ने राजस्थान कृषि-प्रसंस्करण, कृषि-व्यवसाय और कृषि-निर्यात प्रोत्साहन नीति, 2019 के बारे में दिशानिर्देश जारी किए हैं। यह योजना फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करने, किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें मूल्य संवर्धन में शामिल करने पर केंद्रित है। खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के माध्यम से जीरा, धनिया आदि फसलों के निर्यात के साथ-साथ कौशल विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जावेगा।
- वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने देश के 26 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में फैले सभी 112 एस्पिरेशनल जिलों में TFIIP (लक्षित वित्तीय समावेशन हस्तक्षेप कार्यक्रम) को बढ़ा दिया है। हमारे राज्य के बारां और जैसलमेर जिले में पहले से ही TFIIP लागू किया गया है और अब इसे शेष 3 जिलों यथा धौलपुर, करौली और सिरोही में लॉन्च किया गया है। सभी 5 जिलों में डीएलआईसी का गठन किया है और उन्होने डीसीसी संयोजक बैंकों से अनुरोध किया कि डीएलआईसी की बैठक जल्द से जल्द आयोजित की जाएँ। उन्होने सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि वे इन जिलों में अपनी शाखाओं को संवेदनशील बनाएं और आवंटित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उन्हें प्रेरित करें।

(कार्यवाही : डीसीसी संयोजक, बैंक)

- वित्तीय समावेशन के तहत वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा प्रदान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने Centre for Financial Literacy स्थापित करने के निर्देश प्रदान किए है उक्त केंद्रों के माध्यम से RBI द्वारा चुनिंदा बैंकों और गैर सरकारी संगठनों द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 2017 में 80 ब्लॉक और 2019 में 20 ब्लॉक में लागू किया गया।
- RBI ने इस CFL कार्यक्रम को मार्च 2024 तक देश के 100 ब्लॉकों से चरणबद्ध तरीके से देश के प्रत्येक ब्लॉक तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। राजस्थान राज्य में बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों के 10 आदिवासी ब्लॉकों की पहचान पायलट प्रोजेक्ट के लिए की गई थी और संख्या अब राज्य भर के 25 जिलों में 174 ब्लॉक तक बढ़ा दिए गए हैं। उन्होने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि राज्य में सीएफएल स्थापित हों और अपनी स्थापना के उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयास करें।
- वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने राजस्थान में 75 हज़ार स्ट्रीट वेंडर्स को 30.11.2020 तक प्रधानमंत्री स्वनिधि के तहत ऋण संवितरण का लक्ष्य आवंटित किया है। आवेदनों में ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण को गति देने के लिए, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 3 शनिवार यथा 27 फरवरी, 6 मार्च और 13 मार्च 2021 को सभी शहरों में विशेष शिविरों का आयोजन करने का निर्देश दिया था। उक्त शिविरों के सफल आयोजन पर उन्होने बैंकर्स को धन्यवाद दिया। 19 मार्च 2021 तक राज्य में इस योजना के तहत 62,000 से अधिक आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से

45,000 से अधिक लाभार्थियों को ऋण वितरित किए गए हैं। इस योजना को लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इसका लाभ मिल सके।

- COVID-19 महामारी के दौरान डिजिटल लेनदेन (contactless transaction) की महत्ता सामने आई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए, RBI ने घोषणा की है कि संपर्क रहित कार्ड लेनदेन (contactless transaction) के लिए प्रमाणीकरण हेतु प्रति लेनदेन सीमा रुपये 2000/- से बढ़ा कर रु. 5000/- कर दी गई है। उन्होने साथी बैंकरों से अनुरोध किया कि वे ग्राहकों से संपर्क रहित कार्ड लेनदेन के बारे में आमजन में जागरूकता पैदा करें ताकि वे इस नवीन तकनीक को अपना सकें।
- वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने राज्य में 5 कि.मी. के भीतर बैंकिंग टच पॉइंट (बैंक शाखा / बीसी / डाकघर) द्वारा कवर किए गए 12 गांवों की सूची प्रदान की थी। 1136 गाँवों में से केवल 12 गाँवों को कवर किया जाना शेष रहा और इन 12 गाँवों में से 9 गाँव कवर पूर्व में कवर लिए हैं। अतः केवल 3 गाँवों को बैंकिंग सुविधा से कवर किया जाना शेष है जिसके लिए सभी बैंकर्स बधाई के पात्र हैं। उन्होने सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि वे निष्क्रिय बीसी (De-activate BC) एजेंटों को सक्रिय करें या उन्हें नए बीसी एजेंटों के साथ बदल दें ताकि राज्य में बैंकिंग सेवाओं में बाधा न आए।

इसके अलावा, उन्होने उन मुद्दों की ओर राजस्थान सरकार का ध्यान आकर्षित किया जहाँ बैंकर्स को राज्य सरकार के समर्थन की आवश्यकता है:

- Rajasthan Agricultural Credit Operations (Removal of Difficulties) Act, 1974 (RACO-ROD Act) (राजस्थान कृषि ऋण परिचालन (कठिनाइयों को दूर करना) अधिनियम, 1974) के तहत राशि रू. 4400 करोड़ के 1.70 लाख प्रकरण वसूली हेतु लंबित हैं। उक्त प्रकरणों में से राशि रु. 2250 करोड़ के लगभग 1.10 लाख खाते एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। अत: राजस्थान सरकार से अनुरोध किया कि वह किसानों को कृषि ऋण के Fast Processing एवं बैंकों को प्रोत्साहित करने के लिए उक्त लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करावे।
- SARFAESI अधिनियम के तहत दिनांक 31.12.2020 तक राशि रु. 190 करोड़ के 900 प्रकरण जिला प्राधिकरणों के समक्ष लंबित हैं, जिनमें से राशि रु. 150 करोड़ के 631 मामले 60 से अधिक दिनों से लंबित हैं अतः राज्य सरकार से अनुरोध किया कि समस्त जिला मजिस्ट्रेटस को निर्देशित करें कि SARFAESI अधिनियम के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें।
- RACO (ROD) act और SARFAESI अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में नियत समयावधि में वसूली बैंकों के प्रेरणादायक होगी उन्होने सुझाव दिया कि राज्य सरकार स्तर से एक उपयुक्त तंत्र विकसित किया जाए।
- ग्लो साइन बोर्ड पर चारजेज़ का मुद्दा लंबे समय से लंबित है। उन्होने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि इसे जल्द से जल्द निस्तारण करने कार्यवाही करने के लिए क्योंकि यह सभी बैंकों के लिए एक रोड़ा बन गया है।

- इसके साथ ही, उन्होने राज्य सरकार, आरबीआई, नाबार्ड, बैंको और वित्तीय संस्थानों को राज्य में विकास की प्रक्रिया के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में समन्वय स्थापित करने के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

श्री अरुण कुमार सिंह क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने संबोधन में एसएलबीसी कार्यालय, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों में सरकार के सभी अधिकारियों और कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होने COVID-19 के दौरान कड़ी मेहनत की और आवश्यक बैंकिंग और वित्तीय कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित की। उन्होने निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला:-

- भारत सरकार द्वारा आर्थिक पैकेज घोषित किया गया है जिसके तहत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा भी सिस्टम में तरलता बनाए रखने हेतु विभिन प्रयास किए जा रहे हैं।
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय संस्थानों को विशेष पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान की गयी हैं एवं redemption pressures को कम करने के लिए म्यूचुअल फंड (SLF-MF) हेतु भी विशेष पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान की गयी हैं।
- इस वर्ष जीडीपी में वृद्धि होने का अनुमान है।
- MSME- ECLGS और CGSSD योजनाओं को रिज़र्व बैंक द्वारा ब्याज दर में कटौती, उच्च संरचनात्मक और टिकाऊ तरलता, ऋण सर्विसिंग पर रोक, संपत्ति वर्गीकरण एवं विभिन्न मौद्रिक और विनियामक उपायों द्वारा लागू किया गया है। उक्त उपायों से न केवल वित्तीय क्षेत्र में तनाव को कम करने में मदद मिलेगी बल्कि नए अवसर भी खुलेंगे।
- अधिक पिछड़े जिलों में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण प्रदान करने हेतु अधिक प्रोत्साहन दिये जाने पर बल दिया जिसके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिनांक 08.02.2021 से 12.02.2021 तक वित्तीय साक्षारता सप्ताह मनाया गया जिसकी थीम "Developing Credit disciple and encourage availing credit from formal financial institutions" रखा गया। जिसका बैंकों के सहयोग से राज्य में सफल आयोजन किया गया।
- करौली जिले को डिजिटल बनाने हेतु 100% लक्ष्य प्राप्ति करने हेतु बैंकों से अनुरोध किया।
- पुनर्निर्मित बैंकिंग लोकपाल योजना- एक राष्ट्र एक बैंकिंग लोकपाल की जानकारी सदन के समक्ष रखी।
- वार्षिक साख योजना के तहत समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति हेतु बैंकों को और अधिक प्रयास करने हेतु निर्देशित किया।
- जैसलमेर में शेष रहे 3 गांवों को बैंकिंग सुविधा से कवर करने के लिए निर्देशित किया।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री प्रदीप कुमार बाफना, नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा से बैठक के विभिन्न कार्यवाही बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण आरंभ करने के निर्देश प्रदान किए.

श्री प्रदीप कुमार बाफना, नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष, मंचासीन गणमान्य सदस्यों एवं उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का अभिवादन करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उन्होने बैठक के विभिन्न कार्यवाही बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण आरंभ किया:

एजेण्डा क्रमांक -1 (1.1) विगत **147**वीं बैठक के कार्यवृत्त की सदन द्वारा पुष्टि की गयी.

एजेण्डा क्रमांक - 2

Revamp of Lead Bank Scheme

उन्होने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी अग्रणी बैंक योजनाओं के सुधार (Revamp) हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए है. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लीड बैंक स्कीम में सुधारों के लिए दिए गए सुझावों की अनुपालना हेतु समस्त नियंत्रक सदस्यों से अनुरोध है जिसमें से मुख्य कार्यवाही बिन्दु निम्नानुसार हैं:

- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक नीतिगत मुद्दों पर ही चर्चा करने के लिए केन्द्रित होगी एवं उक्त बैठक में बैंकों/ विभिन्न सरकारी विभागों के केवल राज्य प्रमुख अथवा उसके समकक्ष वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ही सहभागिता की जावेगी.
- नियमित मुद्दों पर चर्चा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विभिन्न उप समितियों की बैठक में की जाएगी.
- राज्य की समस्त बैंक शाखाओं/क्षेत्रीय/प्रशासनिक कार्यालय के व्यावसायिक लक्ष्य वार्षिक साख योजना (ACP) के साथ संरेखित (align) कर निर्धारित किए जाने चाहिए.

(कार्यवाही : समस्त सदस्य बैंक, राजस्थान)

- अग्रणी जिला प्रबन्धक की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए अपेक्षित कौशलयुक्त अधिकारियों को नियुक्त किया जाना चाहिए.
- अग्रणी जिला कार्यालय हेतु अलग कार्यालय स्थान एवं एलडीएम द्वारा अपनी मुख्य जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु बुनियादी आवश्यकताएँ जैसे कंप्यूटर, प्रिन्टर एवं डेटा कनेक्टिविटी की उपलब्द्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए.
- साथ ही एलडीएम को अलग से एक वाहन भी उपलब्ध करवाया जाना चाहिए.
- एलडीएम कार्यालय में डेटा प्रविष्टि/ विश्लेषण हेतु कर्मचारी की कमी के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न होती है. अतः एलडीएम को कुशल कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए बैंकों के प्रशासनिक कार्यालय को ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए.
- एसएलबीसी की 12वीं स्टीयरिंग समिति की बैठक में हुई चर्चा के अनुसार सिरोही जिले में अग्रणी जिला प्रबन्धक के सेवानिवृत्त होने के पश्चात नयी नियुक्ति नहीं की गयी है, जिस पर वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने असंतोष व्यक्त किया है।

मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ने बताया की सिरोही में अग्रणी जिला प्रबन्धक की नियुक्ति कर दी गयी है लेकिन उन्हे कोरोना से पीड़ित होने कारण उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण नहीं किया है एवं उनके कार्यभार ग्रहण करते ही अतिशीघ्र एसएलबीसी को सूचित कर दिया जावेगा ।

(कार्यवाही : भारतीय स्टेट बैंक)

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विभिन्न उपसमितियों के आयोजन किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

	उपसमिति	**बैठक की दिनांक**
1.	एसएलबीसी वेबसाइट पर डेटा प्रवाह के लिए मानकीकृत प्रणाली का विकास	19.01.2021
2.	वित्तीय समावेशन	28.01.2021
3.	एमएसएमई एवं निर्यात संवर्धन	02.02.2021
4.	एसएचजी/जेएलजी/एफ़पीओ	09.02.2021
5.	केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजना	09.02.2021
6.	कृषि योजनाओं से संबन्धित तथा फसल की अवधि निर्धारण	03.03.2021
7.	डिजिटल भुगतान	05.03.2021
8.	बकाया ऋण वसूली	To Be Held Soon

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 148वीं बैठक के कार्यबिन्दु तैयार करने हेतु स्टियरिंग समिति की 12वीं बैठक दिनांक 12.03.2021 को आयोजित की गयी।

<u>एजेण्डा क्रमांक - 3</u>

<u>Key Business Parameters</u>

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने राज्य के बैंकिंग के प्रमुख पैरामीटर के बेंचमार्क के सापेक्ष उपलब्धियों के बारे में सदन को निम्नानुसार सूचित किया :

दिनांक 31 दिसंबर, 2020 तक राज्य में कुल 8,173 बैंक शाखाएँ कार्यरत हैं. वित्तीय वर्ष 2020-21 में 31 दिसम्बर, 2020 तक बैंकों द्वारा कुल 69 शाखाएं खोली गयी हैं।

जमाएँ व अग्रिम: 31 दिसंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 11.80% के साथ कुल जमाएँ राशि रू 4,75,449 करोड़ तथा कुल अग्रिम वर्ष दर वर्ष वृद्धि 11.39% के साथ कुल ऋण राशि रूपये 3,92,293 करोड़ रहे हैं। जमाओं में वाणिज्यिक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों एवं स्माल फाइनेंस बैंक की वर्ष दर वर्ष वृद्धि क्रमशः 11.75%, 12.23%, -0.34% एवं 45.77% रही है तथा अग्रिमों में वाणिज्यिक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंक, स्माल फाइनेंस की वर्ष दर वर्ष वृद्धि क्रमशः 10.67%, 16.17%, 26.54% एवं

9.20% रही है. राज्य में समस्त बैंकों का साख जमा अनुपात 84.39% रहा है जो भारतीय रिजर्व बैंक के बेंचमार्क से काफी उपर है।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को प्रदत्त ऋण: 31 दिसंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 11.22% के साथ प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को प्रदत्त ऋण राशि रू 2,50,450 करोड़ रहा है।

कृषि क्षेत्र को प्रदत्त ऋण: 31 दिसंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 10.25% के साथ कृषि क्षेत्र को प्रदत्त ऋण रूपये 1,17,690 करोड़ रहा है।

सूक्ष्म व लघु उद्यम एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण: 31 दिसंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 15.47% के साथ सूक्ष्म व लघु उपक्रम एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र को प्रदत्त ऋण राशि रूपये 92,481 करोड़ रहा है।

कमजोर वर्ग को ऋण: 31 दिसंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि -0.27% के साथ कमजोर वर्ग को प्रदत्त ऋण राशि रूपये 76,711 करोड़ रहा है।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने समस्त बैंकों से अनुरोध किया कि कमजोर वर्ग को प्रदत्त ऋण प्रदान करने में तेजी लाए ताकि राज्य का चहुमुखी विकास हो सके ।

(कार्यवाही : समस्त सदस्य बैंक, राजस्थान)

अल्पसंख्यक समुदाय को ऋण: 31 दिसंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 5.28% के साथ अल्पसंख्यक समुदाय को प्रदत्त ऋण रूपये 16,819 करोड़ रहा है।

राज्य में **कुल अग्रिमों में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र** के अग्रिम 63.84%, कृषि क्षेत्र को 30.00%, एमएसएमई को 23.57%, कमजोर वर्ग को 19.55%, लघु एवं सूक्ष्म कृषकों को 15.24% तथा सूक्ष्म उपक्रमों को 11.53% रहा है।

राजस्थान के नजदीकी राज्य उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के 31 दिसंबर, 2020 के साख जमा अनुपात (CD Ratio) के तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत किये.

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने बेंचमार्क के सापेक्ष उपलब्धि एवं अन्य राज्यों की उपलब्धि से राजस्थान राज्य की प्रगति के तुलनात्मक आंकड़ों पर संतोष व्यक्त किया।

साथ ही बताया कि कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान करने की दर में और भी वृद्धि तेजी से लाई जा सकती थी लेकिन बैंकों के पक्ष में कृषि भूमि रहन दर्ज़ करने की प्रक्रिया ऑनलाइन किए जाने से अनेक तहसीलों में रहन दर्ज़ नहीं किया जाना है।

एजेण्डा क्रमांक - 4

Unbanked Rural Centres (URC)

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने ई-मेल दिनांक 04.02.2021 के माध्यम से 66 गांवों में से केवल 12 गांव जिनके 5 किमी की परिधि में बैंकिंग सेवा उपलब्ध नहीं है जिसकी सूची एसएलबीसी को प्रेषित की है ।

जैसलमेर जिले से संबंधित गांवों के कवरेज के संबंध में निम्नानुसार सदन को अवगत करवाया : -

जैसलमेर जिले की DLCC बैठक 29.12.2020 को जिला कलेक्टर और सभी गांवों की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। IPPB के 4 गांवों और SBI के 56 गांवों को आरएमजीबी के मोबाइल वैन एटीएम द्वारा कवर किया गया है। इस संबंध में जिला कलेक्टर, जैसलमेर जिले ने निम्नानुसार निर्देश को प्रदान किए है:

- इन गांवों में मोबाइल वैन एटीएम द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं की निगरानी की जानी चाहिए।
- इन सभी गांवों में मोबाइल वैन एटीएम द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का प्रचार किया जाना चाहिए ।
- मोबाइल वैन एटीएम के अग्रिम यात्रा कार्यक्रम (Advance Tour Programme) की जानकारी सीईओ जिला परिषद और संबन्धित बीडीओ को देनी होगी।
- इस प्रकार उन्होने सभी 60 गांवों को बैंकिंग सुविधा से कवर माना गया।

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि डीएलसीसी, जैसलमेर की अनुशंसा के आधार पर दिनांक 28.01.2021 को आयोजित एसएलबीसी की उपसमिति- वित्तीय समावेशन बैठक में उपरोक्त 9 गांवों को बैंकिंग सुविधा कवर माना गया। उक्त 9 गांवों को आरएमजीबी की मोबाइल वैन के माध्यम से कवर किया जा रहा है अतः उन्होने सदन उक्त गांवो को बैंकिंग सुविधा से कवर मानने हेतु सदन से अनुमोदन हेतु अनुरोध किया ।

उपरोक्त गांवो को बैंकिंग सुविधा से कवर मानते हुए सदन ने सहमति प्रदान की ।

महाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सदन को सूचित किया गया कि जैसलमेर जिले के शेष रहे 3 गाँव यथा बांदरी, बिरमा और सेंगर भारत पाकिस्तान की सीमा क्षेत्र के पास स्थित हैं जहां कनेक्टिविटी कि समस्या है एवं आबादी भी बहुत कम है। अतः उनके बैंक को आवंटित गाँव में आरएमजीबी की मोबाइल वैन के माध्यम से उक्त गांवों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवायी जा रही है ।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने सूचित किया कि भारतीय रिज़र्व बैंक के NSFI के तहत राज्य के समस्त गांवों की 5 किमी परिधि में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करवाने का कार्यबिन्दु है अतः राज्य के वर्तमान में कार्यरत समस्त बैंक मित्र (BC) सक्रिय (Activate) रखना सुनिश्चित करवाने हेतु समस्त बैंकों से अनुरोध किया ।

उन्होने भारतीय स्टेट बैंक से अनुरोध किया कि उक्त तीनों गांवो के बैंकिंग सुविधा कवरेज का प्रकरण अग्रणी जिला प्रबन्धक, जैसलमेर से DLCC की बैठक में चर्चा कर अनुमोदन करवाना सुनिश्चित करावें व अनुमोदन पश्चात एसएलबीसी को प्रेषित करावें एवं मोबाइल एटीएम वैन बैंकिंग लेन-देन की सुविधा के साथ-साथ अन्य बैंकिंग सुविधा यथा बैंक खाते खोलना व ऋण सुविधा की लीड इत्यादि उपलब्ध करवाने का कार्य भी करवाना सुनिश्चित ताकि पूर्ण बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करावें ।

District Level Implementation Committee for the Targeted Financial Inclusion Intervention Programme (TFIIP) within the overall Aspirational Districts Programme (ADP) of NITI Aayog:

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि आशान्वित जिलों (Aspirational Districts) में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय भारत सरकार ने दिनांक 13.07.2020 से Aspirational Districts Programme (ADP) के तहत में चयनित आशान्वित जिलों में Targeted Financial Inclusion Intervention Programme (TFIIP) चलाया है। उक्त TFIIP अभियान राजस्थान में बारां एवं जैसलमेर जिले में चिन्हित किया गया है।

दोनों आशान्वित जिले (Aspiration District) की DLIC बैठक निम्नानुसार आयोजित की गई:

- बारां - 06.08.2020, 10.09.2020, 08.10.2020, 12.11.2020 एवं 17.12.2020, 22.01.2021 एवं 19.02.2021
- जैसलमेर - 19.08.2020, 29.12.2020

वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने पत्र दिनांक 17.02.2021 के माध्यम से सूचित किया कि मंत्रालय ने देश के 26 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के सभी 112 आशान्वित जिलों (Aspiration Districts) में TFIIP का विस्तार किया गया है। हमारे राज्य में उपरोक्त दोनों के साथ-साथ 3 आशान्वित जिलों यथा धौलपुर, करौली और सिरोही को भी सम्मिलित किया है:-

बेंचमार्क के साथ KPI निम्नानुसार हैं:

- 5 कि.मी. के भीतर बैंकिंग सुविधा वंचित गांवों की संख्या को शून्य करना
- आशान्वित जिलों के पैरामीटर (KPI) के बेंचमार्क स्तर को प्राप्त करना है :

Benchmark for aspirational districts	Bank accounts (CASA) per lakh of population	PMJJBY enrollments per lakh population	PMSBY enrollments per lakh population	APY enrollments per lakh population
(Best performing district in the country)	1,29,755	9,722	30,303	2,886
	Vishakhapatnam (Andhra Pradesh)	Adilabad (Telangana)	Mahasamund (Chattisgarh)	Fatehpur (UP)

- राष्ट्र स्तरीय संचालन समिति (एनएलएससी) ने सितंबर, 2021 के अंत तक सभी केपीआई पर 100% बेंचमार्क प्राप्त करने का निर्णय लिया है।
- केपीआई के सापेक्ष जिलों के प्रदर्शन की समीक्षा डीएलआईसी द्वारा पाक्षिक आधार पर की जाएगी।
- सभी 5 जिलों के एलडीएम को संबंधित हितधारकों की मदद से जिले में वित्तीय जागरूकता फैलाने के लिए DLIC का गठन करना है।
- वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है, जिसमें जिलें में आयोजित किए गए शिविरों और उसमें किए गए नामांकन के बारे में प्रत्येक एस्पिरेशनल जिले से डेटा एकत्र किया जाएगा। केपीआई के तहत प्रगति को अपलोड करने के लिए प्रत्येक एस्पिरेशनल जिले के अग्रणी जिला प्रबंधकों को पोर्टल की access दी जा रही है। (https://jansuraksha.gov.in/mis)
- एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स में वित्तीय समावेशन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए, डीएफएस ने अपने पत्र दिनांक 07.10.2020 के माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यान्वयन समिति (एसएलआईसी) का गठन करने की सलाह दी है। हमारे राज्य के आकांक्षात्मक जिलों के प्रमुख पैरामीटर के तहत प्रगति की समीक्षा करने के लिए SLIC का गठन किया गया है।
- एसएलबीसी द्वारा प्रमुख शासन सचिव (वित्त), राजस्थान सरकार से अनुरोध किया है कि वे SLIC बैठक के आयोजन के लिए उपयुक्त तिथि और समय प्रदान करें।

<u>अटल पेंशन योजना</u>

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि अटल पेंशन के अंतर्गत शाखाओं की संख्या के आधार पर बैंकों को वर्गवार लक्ष्य आवंटित किए गए हैं. जिसका विवरण निम्नानुसार है :

राज्य में कुल 4,26,380 नामांकन के लक्ष्य के सापेक्ष दिनांक 28.02.2021 तक 3,27,095 नामांकन की उपलब्धि है जो कि 76.73% रही है.

Atal Pension Yojana: DFS, MoF, GoI, vide their letter no. file no. 16/7/2015-PR (PT) dated 01.06.2020 and PFRDA vide e-mail dated 02.06.2020 had informed target for the F.Y.2020-21 based on the number of branches of each bank	Progress as on 28.02.2021						
	Type of Bank	Name of Banks	No. of Branches	Target (Per Branch)	Total Target	Ach. Up to 28.02.2021	% Ach.
	PSB		4194	60	251640	225329	89.54
	Private	HDFC, Axis, ICICI and IDBI	921	60	55260	9232	16.71
		Other Private Banks	576	30	17280	1538	8.90
	RRB		1553	50	77650	89748	115.58
	Co-Op.		460	20	9200	1	0.01
	Small Finance Bank		305	50	15250	1247	8.18
	State as a Whole		8009	270	426280	327095	76.73
	* Data received from PFRDA						

उन्होने पिछले एक वर्ष से ज्यादा समय से निरंतर अनुवर्तन की कार्यवाही के पश्चात भी निम्न बैंकों की दिसंबर- 2020 तक की प्रगति बेहद चिंतनीय है। लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि निम्नानुसार है : - नामांकन संख्या (लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि) :

राजस्थान राज्य सहकारी बैंक - 1 (0.01%), एयू स्माल फाइनेंस बैंक - 1247 (8.18%), आईसीआईसीआई बैंक - 3635 (14.06%), एचडीएफसी बैंक - 804 (7.17%)

(कार्यवाही: राजस्थान राज्य सहकारी बैंक एवं स्माल फाइनेंस बैंक)

प्रतिनिधि, राजस्थान राज्य सहकारी बैंक ने बताया कि तकनीकी समस्या को दूर किया जा चुका है एवं आगामी तिमाही में उक्त योजनांतर्गत प्रगति किए जाने का आश्वासन प्रदान किया।

प्रतिनिधि, आईसीआईसीआई बैंक ने बताया कि उनके बैंक द्वारा नवंबर एवं दिसंबर माह में अटल पेंशन योजना के तहत अभियान चलाया गया है एवं अच्छी प्रगति होने से सूचित किया ।

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने राजस्थान राज्य सहकारी बैंक ने पिछले दो वर्षों से एपीवाई में प्रगति के लिए एसएलबीसी बैठक में आश्वासन प्रदान किया है लेकिन अभी नगण्य प्रगति है जिस पर उन्होने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की उन्होने एपीवाई योजना के तहत प्रदत्त लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करने के निर्देश प्रदान किए।

(कार्यवाही : राजस्थान राज्य सहकारी बैंक)

साथ ही उन्होने बताया कि राज्य में कुछ बैंकों द्वारा अपेक्षित कार्य नही करने के कारण राज्य की प्रगति पर प्रभाव पड़ता है एवं लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्ध नहीं हो पाती है। उन्होने अन्य बैंकों से भी अटल पेंशन योजनांतर्गत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देश प्रदान किए ।

(कार्यवाही : समस्त सदस्य बैंक)

Identification of one Digital District-

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य के महत्वाकांशी जिलों में से एक जिला करौली को 100% डिजिटल बनाने हेतु चिन्हित किया गया है। जिसकी समय सीमा कोविड-19 महामारी के संक्रामण फैलाव के चलते मार्च 2021 तक बढ़ाई गई है । 100% डिजिटल की करौली एवं राज्य की प्रगति निम्नानुसार है :

Progress of 100 % Digital District - Karauli - Comparision from March 2020 to Feb 2021

Sr. No.	Months	1. Digital coverage for individuals (Savings Accounts)						Digital coverage for business (Current Accounts)				
		Total No. of Operative SB Accounts	% Debit/ RuPay cards coverage	% Net banking coverage	% of MB/ UPI/ USSD coverage	% AEPS coverage	Total No. of Operative SB Accoutns covered with at lease one of the facilities - Debit/ RuPay cards, net banking, mobile banking, UPI,	Total No. of Operative CA Accounts	% Net Banking Coverage	% of POS/ QR coverage	% of Mobile Banking coverage	Total No. of Operative Current Accounts covered with at least one of digital modes of payments - Net
1	Mar-20	1453457	67.29	8.25	20.58	-	68.56	12094	20.37	23.26	-	-
2	Jun-20	1416087	75.62	8.84	23.51	-	77.03	12617	28.58	29.21	-	-
3	Sep-20	1452738	76.92	9.38	24.34	-	78.72	13618	35.89	31.16	-	58.53
4	Dec-20	1451690	82.35	10.87	28.73	90.68	91.20	15028	41.73	40.13	28.88	84.79
5	Feb-21	1439452	83.08	12.14	30.26	92.57	93.87	15196	45.92	39.96	30.94	90.85

Progress of 100 % Digital State - Rajasthan - Comparision from March 2020 to Dec 2020

Sr. No.	Months	1. Digital coverage for individuals (Savings Accounts)						Digital coverage for business (Current Accounts)				
		Total No. of Operative SB Accounts	% Debit/ RuPay cards coverage	% Net banking coverage	% of MB/ UPI/ USSD coverage	% AEPS coverage	Total No. of Operative SB Accoutns covered with at lease one of the facilities - Debit/ RuPay cards, net banking, mobile banking, UPI, USSD	Total No. of Operative CA Accnts as on 31st December 2020	% Net banking Coverage	% of POS/ QR coverage	% of Mobile Banking coverage	Total No. of Operative Current Accounts covered with at least one of digital modes of payments - Net Banking, POS, QR etc.
1	Mar-20	72023952	58.51	9.61	15.39	-	63.26	1608216	33.73	8.66	-	-
2	Jun-20	76521335	60.76	10.82	16.17	-	64.17	1608216	34.02	9.39	-	-
3	Sep-20	77186217	63.98	11.97	16.85	-	65.65	1850198	37.22	8.91	-	37.94
4	Dec-20	76235730	70.85	13.97	15.46	83.01	83.82	1887812	42.86	7.92	31.28	54.57

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने समस्त बैंकों से अनुरोध किया कि जिला करौली को 100% डिजिटल बनाने हेतु प्रदत्त लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भरसक प्रयास करें। उन्होने ने सुझाव दिया AEPS के लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकते है अतः AEPS के साथ-साथ अन्य पैरामीटर को 100% डिजिटल किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करावें ।

एजेण्डा क्रमांक - 5

वार्षिक साख योजना के तहत प्रगति:

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि वार्षिक साख योजनांतर्गत वर्ष 2020-21 के लिए निर्धारित लक्ष्यों (वार्षिक) राशि रू 1,89,281 करोड़ के सापेक्ष कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में दिसंबर, 2020 तिमाही तक राशि रू 1,19,431 करोड़ उपलब्धि रही है जो कि 63.10% उपलब्धि है. कृषि में 63.19%, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम क्षेत्र में 72.59% एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 31.99% की उपलब्धि दर्ज की गई है। वार्षिक साख योजनांतर्गत वर्ष 2020-21 के निर्धारित लक्ष्यों (वार्षिक) के सापेक्ष दिसंबर, 2020 तिमाही तक वाणिज्यिक बैंकों ने 64.39%, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने 73.03%, सहकारी बैंक ने 49.66%, स्माल फ़ाइनेंस बैंकों ने 44.73% उपलब्धि दर्ज की है।

उन्होने बताया कि वार्षिक साख योजना के तहत राज्य के औसत से कम उपलब्धि वाले बैंक यथा यस बैंक (18.54%), राजस्थान राज्य भूमि विकास बैंक (19.47%), पंजाब एंड सिंध बैंक (25.62%), डीसीबी बैंक (27.33%), बैंक ऑफ महाराष्ट्र (28.75%), आईडीबीआई बैंक (31.36%), इंडियन बैंक (32.55%), इक्विटास स्माल फ़ाईनेन्स बैंक (38.87%), एयू स्माल फ़ाईनेन्स बैंक (43.50%) एवं यूको बैंक (47.06%) है। उक्त बैंकों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के लिए समस्त बैंकों से अनुरोध किया ।

उन्होने यस बैंक को अपनी प्रगति के बारे में अवगत करवाने के लिए अनुरोध किया

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने यस बैंक के प्रतिनिधि द्वारा सहभागिता नहीं करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की एवं उनके प्रधान कार्यालय को सूचित करने के एसएलबीसी को निर्देश प्रदान किए । एसएलबीसी की आगामी बैठक में राज्य प्रमुख के सहभागिता के निर्देश प्रदान किए ।

(कार्यवाही : यस बैंक एवं एसएलबीसी राजस्थान)

उन्होने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित बेंचमार्क को प्राप्त करने हेतु समस्त बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण प्रदान किया जाना महत्वपूर्ण है। अतः उक्त बैंकों को राज्य में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अधिकाधिक ऋण प्रदान करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

(कार्यवाही : समस्त संबन्धित सदस्य बैंक, राजस्थान)

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि एनआरएलएम योजनांतर्गत दिनांक 28.02.2021 तक राज्य में 475 क्लस्टर लेवल फेडरेशन (CLF) एवं 15,238 ग्राम संगठन (VO) कार्यरत है। राष्ट्रीय

ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के तहत वर्ष 2020-21 के 67,470 एसएचजी वित्त पोषित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 50,024 एसएचजी वित्त पोषित किए गए है जो कि 74.14% उपलब्धि है।

डॉ. पूजा शर्मा, स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर, राजीविका विभाग, राजस्थान सरकार ने बताया कि एनआरएलएम योजनांतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा एवं बीआरकेजीबी द्वारा एसएचजी वित्तपोषण में अच्छा कार्य किया जा रहा है। अन्य बैंकों की प्रगति की नियमित समीक्षा करने के लिए उन्होने एसएलबीसी से अनुरोध किया। उन्होने निम्नलिखित बिन्दुओ पर समस्त बैंकों से कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए :

- राज्य के प्रमुख बैंक पंजाब नेशनल बैंक, आरएमजीबी, सहकारी बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एसएचजी वित्तपोषण में अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

(कार्यवाही : भारतीय स्टेट बैंक पंजाब नेशनल बैंक, आरएमजीबी)

- राजस्थान राज्य सहकारी बैंकों द्वारा पिछले 2 वर्षों से एनआरएलएम पोर्टल पर आंकड़े अद्यतित नहीं किए जा रहे जिससे राज्य में प्रगति होने बावजूद भी परिलक्षित नहीं हो पा रही है ।

(कार्यवाही : राजस्थान राज्य सहकारी बैंको)

मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ने बताया कि उनके बैंक में संरचनात्मक परिवर्तन (structural changes) किए गए हैं। अतः भविष्य में लंबे समय तक आवेदन लंबित रहने की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ने राजीविका विभाग से अनुरोध किया कि उनके बैंक शाखाओं को अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्रेषित करवाना सुनिश्चित करावें जिससे लक्ष्य प्राप्ति की जा सके। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एनआरएलएम योजना को व्यापक स्तर लागू करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है, योजना के बारे में ग्राम सभा, ग्राम पंचायत स्तर पर जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। उनके द्वारा स्वयं सहायता समूह को ऋण वितरण हेतु विभिन्न जिलों मे कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में लगभग 2000 से अधिक नए SHG ऋण किये जा चुके है तथा अधिकतम करने के प्रयास किए जा रहे है।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक से अनुरोध किया कि आरएमजीबी को भी आपके कार्यालय के स्तर से निर्देश प्रदान करें कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

(कार्यवाही : भारतीय स्टेट बैंक)

<u>राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM)</u>

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के तहत 9041 के लक्ष्य है। जिसमें से 7055 व्यक्तियों, 414 समूहों एवं 1572 स्वयं सहायता समूहों को ऋण स्वीकृत करने के लक्ष्यों के सापेक्ष दिनांक 28.02.2021 तक उपलब्धि क्रमशः 9780, 5 एवं 348 रही है।

उन्होने स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार से अनुरोध किया कि योजनांतर्गत गुणवत्ता वाले आवदेन पत्र बैंक शाखाओं को प्रेषित करें एवं एक शाखा में समान प्रकार के व्यवसाय आवेदन पत्र प्रेषित नहीं करने हेतु समस्त फील्ड अधिकारियों को निर्देशित करें एवं बैंक शाखाओं को पर्याप्त मात्रा में आवेदन प्रेषित करें।

(कार्यवाही : स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार)

<u>प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना (PMEGP)</u>

नेटवर्क उप महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पीएमईजीपी योजनान्तर्गत दिनांक 15.03.2021 तक की प्रगति के बारे में निम्नानुसार सदन को सूचित किया :

- राज्य में समस्त बैंकों को आवंटित लक्ष्य राशि रू 80.94 करोड़ (मार्जिन मनी) के सापेक्ष दिनांक 15.03.2021 तक राशि रू 70.22 करोड़ (Disbursement) उपलब्धि रही है जो कि 86.76% है ।
- योजनांतर्गत एयू स्माल फ़ाईनेन्स बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज़ बैंक की प्रगति आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष 100% से अधिक होने से सूचित किया।
- आईसीआईसीआई बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आरएमजीबी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि अच्छी नहीं होने से सूचित किया।
- केवीआईसी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत दिनांक 31.03.2021 तक स्वीकृत प्रकरणों में EDP प्रशिक्षण दिनांक 30.6.2021 तक किया जा सकता है ।
- समस्त बैंकों से अनुरोध किया कि मार्जिन मनी क्लेम के लंबित आवेदनों का निस्तारण करें।

(कार्यवाही : समस्त सदस्य बैंक, राजस्थान)

महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ने बताया कि पिछली तिमाही में लॉकडाउन के कारण कार्य नहीं हो पाया था लेकिन उनके बैंक को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष 75% लक्ष्य प्राप्ति की जा चुकी है एवं स्वीकृत प्रकरणों में दिनांक 31.03.2021 तक ऋण वितरण की कार्यवाही के लिए सदन को आश्वासन प्रदान किया ।

(कार्यवाही : भारतीय स्टेट बैंक)

